महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

3. अध्यक्ष / जिलाधिकारी,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊः दिनांकः 20 अक्टूबर, 2023

विषयः–प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 10.10.2023 को एक बैठक आयोजित की गयी थी, जिसमें यह अवगत कराया गया कि शहरी क्षेत्रों में लगभग 12890 आगनबाड़ी केन्द्रों की कमी / गैप है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आवास एवं विकास परिषद / विकास प्राधिकरण / विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में पार्क / स्कूल अथवा अन्य उपयुक्त स्थानों पर आगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना हेतु स्थान उपलब्ध हो तो, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करते हुए आगनबाड़ी केन्द्रो की स्थापना हेतु जहां नियमानुसार अनुमन्य हो, उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
Signed by नितिन रमेश
गोकर्ण
Date: 19-10-2023 15:56:40
(नितिन रमेश गोकर्ण)
Reason: Approved
अपर मुख्य सचिव।

संख्याः– /आठ–1–23 तद्‌दिनांकः–

प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(अरूणेश कुमार द्विवेदी)
संयुक्त सचिव।